प्रभात

छिपाएंगे नहीं, छापेंगे

सुभारती

facebook-Subharti Tv | Twitter-Subharti Tv

www.subhartimedia.com | लखनऊ, शुक्रवार, 08 फरवरी 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 | उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित | विदर्भ ने फिर जीती रणजी ट्राफी पेज–11

सांस्कृतिक उत्सव : प्रतिभा का प्रदर्शन

मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक एवं बच्चों को किया सम्मानित

लखनऊ। प्रभात

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज, लखनऊ ने ''अभ्युदय'' सांस्कृतिक उत्सव, मनाया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्रों ने बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया। ''अभ्युदय'' में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता -राग (सोलो सिंगिंग), फिट एण्ड फायर (सोलो डान्स), जम्प एण्ड जाइव (ग्रुप डान्स), माइन्ड बूस्टर (क्विज़), एड एण्ड प्ले (एडमैड शो), अल्पना (रंगोली), जलवा (कारपोरेट वॉक) में छात्र/छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

छात्राओं ने माँ सरस्वती की वन्दना कर कार्यक्रम का आग़ाज़ किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा), उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एस0 के0 सिंह, चेयरमैन-एस0एम0एस0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स ने समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं की प्रशंसा की एवं छात्र/छात्राओं को अनुशासित रहने तथा जीवन में आगे और उन्नति करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर एस0एम0एस0 के सी0ई0ओ0 शरद सिंह , डायरेक्टर डॉ0 मनोज मेहरोत्रा, डी0जी0 डा0 बी0आर0 सिंह , डीन डा0 धमेन्द्र सिंह ने छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।